SWATANTRA BHARAT, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

विजेता टीम करेगी राष्ट्रीय मेगा फाइनल में लखनऊ का प्रतिनिधित्व

लखनऊ (सं.)। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न विद्यालयों से 1300 से भी अधिक छात्रों ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित टीसीएस आईटी विज में भाग लिया। देश के सबसे बड़े क्विज - टीसीएस आईटी विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) भारत की नंबर एक आईटी सेवाएं, बिजनेस साल्यूशन एवं आउटसोर्सिंग फर्म द्वारा किया गया। लखनऊ के अलावा इलाहाबाद, देहरादून, कानपुर, नैनीताल, वाराणसी, रायबरेली, मुरादाबाद, अमेठी, फैजाबाद सहित उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रारम्भिक लिखित उन्मूलन दौर के रोमांचक संघर्ष के उपरान्त शीर्ष छह स्कूल क्षेत्रीय फाइनल में पहुंचे। 6 रीजनल फाइनल टीम के बीच भीषण एवं तीव्र प्रतियोगिता के उपरान्त एलपीएस सेक्टर 1, आशियाना से लोविश पाण्डेय एवं वरुण सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी सेन्ट फिडेलिस कालेज से अंकित एवं मो. हमजा को पराजित करते हुए विजेता के रूप में उभरे। विजेताओं को आईपैड प्रति एवं दूसरे स्थान के विजेताओं को गैलक्सी टैबलेट प्रति के साथ विशेष रूप से निर्मित की गई विजेता एवं उपविजेता ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम अब उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मेगा फाइनल में स्मार्ट टेक विजार्ड 2013 शीर्षक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अभिषेक मिश्रा, मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं आलोक रंजन, आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास आयुक्त ने जयंत कृष्णा, रीजनल हेड, टीसीएस के साथ पुरस्कार वितरित किये।